## एक नजर में

### विधायक चौहान के प्रयासों से सात गांवों को मिले सामुदायिक भवन

**खाचरौद।** नागदा खाचरौद विधानसभा क्षेत्र के सात गांवों को सामुदायिक भवन ग्रामीण पंचायत विकास विभाग से ग्राम अमलावदिया, आक्याजागीर, कनवास, चंदवासला, टूटियाखेडी, कलसी और बनवाडा में स्वीकृत हुए हैं। उक्त भवनों की राशि लगभग 1.5 करोड रुपए है। जिससे ग्रामवासियों की सुविधा के लिए अत्याधुनिक सुविधायुक्त सामुदायिक भवनों का निर्माण किया जाएगा। सामुदायिक भवन स्वीकृत होने पर क्षेत्रीय विधायक डॉ. चौहान द्वारा मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया और ग्रमीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल को धन्यवाद ज्ञापित किया है। इसी के साथ मुख्यमंत्री द्वारा नागदा–खाचरौद विधानसभा क्षेत्र में पंजीकृत 1761 किसान भाइयों के खाते में वन क्लिक के माध्यम से 3 करोड 5 लाख 71 हजार रूपये की राशि सीधे बैंक खातों में आई है। जिसके लिए विधायक द्वारा मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### साधुमार्गी जैन संघ ने संयम दिवस मनाया

**खाचरौद।** आचार्य भगवान 1008 रामलाल महाराज की प्रेरणा से श्रमण भगवान श्री महावीर स्वामी का दीक्षा कल्याणक पर साधुमार्गी जैन संघ द्वारा संयम दिवस के रूप में मनाया। स्थानीय भवन में आयोजित कार्यक्रम में नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। प्रभु के दीक्षा संकल्प से लेकर केवलज्ञान प्राप्ति तक का वर्णन आचारांग सूत्र के माध्यम से खुशी चौरड़िया ने किया। आचार्य रामेश द्वारा संयम शतम वर्ष में 100 दीक्षा का लक्ष्य पूर्ण होने पर सभी ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी। वह वीर परिवार मोतीलाल कोठारी का परिचय कराया। शब्दों व गीत के माध्यम से समता महिला मंडल द्वारा वीर परिवार का अभिनंदन किया गया। इसके बाद सभा में उपस्थित सभी जनों ने हे प्रभु मेरी एक पुकार में भी बन जाऊं अंणगार यह सामूहिक उच्चारण किया गया। एक एक सामायिक व्रत के साथ जप तप प्याग के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। संचालन अनिल बरखेड़ा वाला द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुरेशचंद्र नांदेचा, झमकलाल बरखेड़ा वाला, जवाहरलाल कोठारी, अशोक नांदेचा, पवन दलाल, परेश नंदेचा, अनिल भटेवरा, अभय चौरड़िया, राजकुमार कोठारी अंशुल दलाल आदि समाज जन उपस्थित थे।

### जिला पंचायत वार्ड नंबर 11में सामुदायिक भवन की स्वीकृति

**घट्टिया।** जिला पंचायत के वार्ड नं 11 की विभिन्न ग्यारह ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा दी गई है। उक्त जानकारी देते हुए जिला पंचायत सदस्य दलजीत कौर गुर ने बताया कि ग्राम पंचायत पेटलावद, झुटावद, सगवाली, तरनोद, गोगापुर, बपैया, बरूखेडी, मुंडला पर्वत, सैकाखेडी, डूंगरिया, सहित 11गांवो में शीघ्र ही सामुदायिक भवन निर्माण कार्य आरंभ हो जाएंगे। इस स्वीकृति से ग्यारह ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधियों में हर्ष व्याप्त है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रताप सिंह गुर ने बताया कि जिला पंचायत के वार्ड नं 11 में ग्रामीणों की मंशानुरूप विकास कार्यों को निरन्तर गति दी जा रही है। पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रदेश में सामुदायिक भवनों के निर्माण हेतु कुल 1870 लाख रुपए की राशि जारी की है।

### पं. नेहरू को पुष्पांजलि अर्पित की



**घट्टिया।** प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जन्म जयंती पर चौक बाजार जगोटी में ग्रामीण कांग्रेस पदाधिकारियों ने दो मिनट का मौन रखकर पुष्पांजलि अर्पित की। अध्यक्षता करते हुए जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष डॉ. चैनसिंह चौधरी ने पंडित नेहरू के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री अनन्त शर्मा, हिंगोनिया के पूर्व सरपंच बालूसिंह आंजना, रणछोड़ पटेल महूडी, सुरेश टेलर, राहुल चौधरी, महेश पांचाल, दिलीप वाघैला, बंटी चौहान, ओम आंजना मौजूद थे। इससे पूर्व कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ताओं ने स्कूली बच्चों को मिठाई वितरित की। स्थानीय शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर, विनायक एकाडमी सहित अन्य विद्यालयों में बाल दिवस पर बाल मेले के आयोजन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### राष्ट्र भारती विद्यालय में बाल दिवस पर बाल उत्सव




**उज्जैन।** राष्ट्र भारती विद्यालय में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल दिवस के उपलक्ष्य में बाल उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए दो मुख्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं—लोक नृत्य प्रतियोगिता और पेंटिंग प्रतियोगिता। लोक नृत्य प्रतियोगिता में बच्चों ने देशभक्ति से भरपूर एवं आकर्षक सांस्कृतिक नृत्यों की प्रस्तुतियों से सभी को प्रभावित किया। वहीं पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों की सृजनात्मकता, रंग संयोजन और कल्पनाशीलता ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दोनों प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण असिस्टेंट महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती अंजलि छाव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अतिथि स्वागत डॉ.रश्मि शर्मा ने किया। इसके साथ ही विभाग के नृत्य निदेशक डॉ. अंजना चौहान, चित्रकला निदेशक अनिल देवलासे और तबला निदेशक डॉ. विशाल शिंदे ने भी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मी शुक्ला ने किया। प्राचार्य मयूरी वैरागी ने अतिथियों एवं विभाग का आभार व्यक्त किया।

### शहर कांग्रेस ने मनाई पं. नेहरु की जयंती



**उज्जैन।** शहर कांग्रेस कमेटी उज्जैन द्वारा श्री बालोद्यान कोठी रोड स्थित नेहरु प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूर्व प्रधान मंत्री स्व. पण्डित जवाहर लाल नेहरू की जंयती मनाई गई। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने कहा कि पण्डितजी ने आज़ादी के बाद देश को एक नई दशा और दिशा प्रदान की। इस देश का प्रत्येक नागरिक उनके अविस्मरणीय योगदान को कभी नहीं भुला सकता। आधुनिक भारत का निर्माण पंच वर्षीय योजना, प्रौद्योगिकी प्रोत्साहन जैसे कई देश हित के कार्य उनके द्वारा किए गए। संगठन मंत्री अजय राठौर ने बताया कि इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोहर बैरागी, पूर्व सांसद सत्यनारायण पंवार, नेता प्रति पक्ष डॉ रवि राय, अजीत सिंह ठाकुर, राजेंद्र वसिष्ठ, अरूण रोचवानी, चैन सिंह चौधरी, सतीश मरमट, हेमंत गोमे, अभीषेक शर्मा, छोटेलाल मंडलोई, वीरेंद्र गोसर, राजेंद्र राठौर, श्याम जटिया, बाबू भाई मोय्यदी, राजेश पेड़वा, कृष्णा यादव, वीरेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र सिसोदिया, ललित मीणा, हेमंत कोली सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने प्रस्तुत की मिसाल, सामूहिक सम्मेलन में होगा पुत्र का विवाह

- 30 नवंबर को उज्जैन में गूंजेगी शहनाई
- 21 जोड़ों का मुख्यमंत्री कराएंगे विवाह
- सभी को दिया जाएगा दहेज, होगा सहभोज

नवभारत न्यूज

**उज्जैन. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एक अनूठी मिसाल पेश करते हुए अपने छोटे पुत्र डॉ. अभिमन्यु यादव का विवाह 30 नवंबर को उज्जैन के एक सामूहिक विवाह सम्मेलन में संपन्न करवाएंगे. सादगी और सामाजिक समरसता का संदेश देने वाले इस निर्णय के तहत, सीएम का परिवार अपने बेटे की शादी प्रदेश के अन्य 20 जोड़ों के साथ कराएगा.**

यह सामूहिक विवाह सम्मेलन 30 नवंबर को अथर्व होटल, उज्जैन में आयोजित किया जा रहा है. इसमें मुख्यमंत्री के पुत्र सहित कुल 21 जोड़े इस सम्मेलन में परिणय सूत्र में बंधेंगे. ये जोड़े विभिन्न जाति, वर्ग अगड़े, पिछड़े भोपाल, इंदौर सहित अन्य जिले से आ रहे हैं.

**लव एवं अरेंज मैरिज वाले भी**– सम्मेलन में वे जोड़े भी शामिल होंगे जिनकी लव मैरिज होने वाली थी, साथ ही अरेंज मैरिज वाले जोड़े भी यहीं शादी करेंगे. सभी 21 जोड़ों के फेरे सामूहिक रूप से सम्मेलन में होंगे. सभी जोड़ों और उनके अतिथियों के लिए सामूहिक भोजन का आयोजन अथर्व होटल में किया जाएगा. सभी 21 नवविवाहित जोड़ों को दहेज उपहार भी भेंट किए जाएंगे.

**5 दिवसीय पारंपरिक विवाह समारोह**–सामूहिक विवाह सम्मेलन में फेरों की रस्म के बावजूद, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पुत्र डॉ. अभिमन्यु यादव के विवाह की पारंपरिक धार्मिक रस्में 5 दिनों तक चलेंगी. इन रस्मों का आयोजन सीएम के वीआईपी आवास, गीता कॉलोनी स्थित निवास और होटल अथर्व में किया जाएगा.

**आयोजन पर एक नजर**–उज्जैन में 26 नवंबर को गणेश पूजन और हल्दी की रस्म सीएम वीआईपी आवास पर होगी. 27 नवंबर को मेहंदी की रस्म सीएम वीआईपी आवास पर, 28 नवंबर को माता पूजन गीता कॉलोनी स्थित निवास पर होगा. 29 नवंबर को महिला संगीत होटल अथर्व पर 30 नवंबर सामूहिक फेरे होटल अथर्व में होंगे. साथ ही 30 नवंबर की शाम को रिसेप्शन होटल अथर्व, उज्जैन पर होगा.



**वधू पक्ष और राजनीतिक संबंध**–मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के छोटे बेटे, डॉ. अभिमन्यु यादव का विवाह खरगोन के किसान दिनेश यादव की सुपुत्री डॉ. इशिता यादव के साथ तय हुआ है. दोनों ही डॉक्टर हैं. वर डॉ. अभिमन्यु यादव, भोपाल के एलएनसीटी मेडिकल कॉलेज में मास्टर्स (स्नातकोत्तर) की डिग्री हासिल कर रहे हैं और वर्तमान में सेकंड ईयर में हैं. वधू डॉ. इशिता यादव भी एमबीबीएस के बाद पोस्ट ग्रेजुएशन कर रही हैं.

#### रिश्तेदारी की मिसाल

यह यादव परिवार के बीच दूसरी रिश्तेदारी है. सीएम डॉ. मोहन यादव की बेटी आकांक्षा यादव का विवाह पहले ही दिनेश यादव के बेटे के साथ हो चुका है. अब दिनेश यादव की बेटी इशिता, सीएम की बहू बनने जा रही हैं. वधू पक्ष का मध्य प्रदेश की राजनीति से भी गहरा संबंध है. खरगोन के किसान दिनेश यादव के मामा, अविभाजित मध्य प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री रहे सुभाष यादव थे. इसी नाते, मध्य प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव, दिनेश यादव के मामा के बेटे हैं.

#### रिसेप्शन में खास मेहमान

30 नवंबर को फेरों के बाद शाम को अथर्व होटल में रिसेप्शन दिया जाएगा. यह आयोजन कुछ खास मेहमानों के लिए रखा गया है, जिसमें भोपाल से मंत्री, विधायक, बड़े प्रशासनिक अधिकारी और भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख नेता एवं पदाधिकारी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उनकी धर्मपत्नी सीमा यादव का परिवार इस विवाह समारोह की तैयारियों में पूरी तरह जुट गया है. सीएम के बड़े बेटे वैभव यादव और बेटी आकांक्षा यादव की शादी पहले ही हो चुकी है.



## माकड़ौन कॉलेज की नई बिल्डिंग शीघ्र शुरू हो

**माकड़ोन।** शासकीय महाविद्यालय माकड़ोन की नई बिल्डिंग तैयार होने के बावजूद अब तक कॉलेज का संचालन नई इमारत में प्रारंभ नहीं हो सका है। विद्यार्थियों व अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि कॉलेज को शीघ्र नई बिल्डिंग में स्थानांतरित किया जाए, ताकि छात्रों को बेहतर सुविधाएँ मिल सकें और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो। वर्तमान में कॉलेज में लगभग 500 विद्यार्थी पंजीकृत हैं, लेकिन प्रतिदिन केवल 50 विद्यार्थी ही नियमित रूप से उपस्थित हो रहे हैं। शिक्षकों और प्राचार्य ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को रोजाना कॉलेज भेजें, ताकि पढ़ाई में निरंतरता बनी रहे और विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। प्रोफेसरों का कहना है कि जब अधिक विद्यार्थी कक्षा में उपस्थित होंगे, तो पढ़ाई का वातावरण और प्रतिस्पर्धा दोनों बढ़ेंगे।

## माधव कॉलेज ने रचा इतिहास–प्रदेश का पहला आईएसओ प्रमाणित महाविद्यालय बना

**उज्जैन।** माधव कॉलेज मध्यप्रदेश का पहला आईएसओ प्रमाणित कॉलेज बन गया है। ऐतिहासिक माधव महाविद्यालय अपने विस्थापन के बाद गुरु सांदीपनी के आश्रम के पास राम जनार्दन मंदिर के निकट अपना नया इतिहास रचने में लीन है। इस कॉलेज को तत्कालीन उच्च शिक्षा मंत्री और वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने नई ऊंचाइयां देते हुए प्रधानमंत्री कलेज आफ एक्सीलेंस का दर्जा दिया है।

उच्च शिक्षा विभाग की परिकल्पना के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिपेक्ष में प्रत्येक जिले में किसी एक महाविद्यालय को चयनित कर एक्सीलेंस महाविद्यालय बनाया गया है। एक्सीलेंस महाविद्यालय में शिक्षक तथा प्राचार्य चयनित कर पदस्थ किए गए हैं। विज्ञान, कला, वाणिज्य सहित शिक्षक शिक्षा का अध्यापन भी एक्सीलेंस महाविद्यालयों में होगा। शासन की मंशा अनुसार विद्यार्थी भी इन महाविद्यालय में चयनित हुआ करेंगे। शैक्षणिक वातावरण में




स्थानांतरित प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस माधव महाविद्यालय में प्राचार्य के रूप में रसायन विज्ञान की श्रेष्ठ प्राध्यापक प्रो कल्पना वीरेंद्र सिंह को चयनित कर पदस्थ किया गया है। उन्होने पदभार ग्रहण करते ही कॉलेज की दशा और दिशा बदलना आरंभ कर दिया। एक वर्ष के उनके कार्यकाल में अपनी कार्यप्रणाली से उन्होंने महाविद्यालय के शैक्षणिक और शैक्षणिकोत्त्तर कीर्तिमान स्थापित करना शुरू कर दिए हैं। उनके कार्यकाल में महाविद्यालय के नवनिर्मित कन्या छात्रावास भवन, अकादमिक भवन एवं मुख्य प्रवेश द्वार का लोकार्पण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया। बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर सृजन फाउंडेशन का सेक्शन 8 कंपनी के रूप में पंजीयन हुआ है। यह प्रदेश का पहला एफिलिएटेड महाविद्यालय बना है। नवीन अकादमिक सत्र में लगभग 8.5 करोड़ के अधोसंरचना विकास के प्रस्ताव स्वीकृत हुए हैं।

महाविद्यालय में प्रयोगशाला उन्नयन हेतु शासन की सहायता से उपकरण क्रय किए जाने की स्वीकृति मिली है। महाविद्यालय में बीबीए पाठ्यक्रम को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (ऑल इंडिया कौंसिल फॉर टेक्नीकल एज्यूकेशन) की मान्यता प्राप्त हुई है। यह भारत सरकार का एक कानूनी निकाय है जो देश में तकनीकी पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की स्वीकृति देता है।



## राष्ट्रीय अधिवेशन के साथ हुआ सेन समाज का युवक –युवती परिचय सम्मेलन

- देशभर से आए युवक–युवती ने दिया परिचय, सुनहरे रिश्ते परिचय पुस्तिका का किया विमोचन

**उज्जैन।** मप्र गुजराती सेन समाज कल्याण समिति एवं रजिस्टर्ड युवा संगठन उज्जैन के तत्वावधान में राष्ट्रीय अधिवेशन एवं द्वितीय युवक–युवती परिचय सम्मेलन 13 नवंबर को उज्जैन में संपन्न हुआ। जिसमें सुनहरे रिश्ते परिचय पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी कुलदीप वर्मा व जितेन्द्र सेन सारोला ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअली जुड़कर समाजजनों को संबोधित किया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात सहित देश के अन्य प्रदेशों से युवक–युवतियों ने भाग लिया। अध्यक्षता प्रदेश संरक्षक भरत भाटी ने की। संचालन दुर्गाशंकर देवड़ा एवं युवा प्रदेशाध्यक्ष बालकृष्ण वर्मा ने किया। इस अवसर पर विशेष अतिथि अनिल जैन कालूखेड़ा विधायक उज्जैन उत्तर, मध्य प्रदेश कुश्ती संघ उपाध्यक्ष नारायण यादव, विक्रम विश्वविद्यालय परिषद सदस्य राजेश कुशवाह, समाजसेवी रवि सोलंकी, वरिष्ठ समाजसेवी बाबूलाल परमार, प्रदेश अध्यक्ष अशोक सोलंकी, वरिष्ठ समाजसेवी गौरी शंकर वर्मा आष्टा, प्रदेश सचिव परमानंद पडियार, पार्षद सुशील श्रीवास, भोला सेन राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष भारतीय सेन समाज, एवं प्रदेश संगठन एवं उज्जैन युवा संगठन पदाधिकारी संतोष भाटी, लखन वर्मा, मनीष गोयल, मदनलाल परमार, गणेश परिहार, राज वर्मा, नाना भाटी सहित हजारों की संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। अंत में आभार महेंद्र वर्मा बाहुबली एवं चंद्रप्रकाश भाटिया ने माना।

## सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा एवं हाइड्रोजन ऊर्जा होंगे भविष्य में पृथ्वी के ब्रह्मा, विष्णु, महेश– यादव

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में रासायनिक और सतत विज्ञान में अभूतपूर्व नवाचार ऱ्शोध और शिक्षा विषय पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री प्रो.जी. डी.यादव निदेशक इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी, मुंबई, विशिष्ट अतिथि विधायक उज्जैन उत्तर श्री अनिल जैन कालूहेड़ा एवं प्रो. डीसी डेका, कुलपति मिजोरम विश्वविद्यालय, एसोसिएशन ऑफ केमिस्ट्री टीचर्स के अध्यक्ष प्रोफेसर प्रभु तथा महासचिव श्री आर यामगर भी उपस्थित थेद्य स्वागत भाषण संयोजिका प्रो. उमा शर्मा, विभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र विभाग ने दिया। उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्राट वि. वि. विद्यालय, रसायन शास्त्र विज्ञान अ.शा के पूर्व छात्र, अनिल जैन कालूहेड़ा ने उज्जैयनी नगरी के गौरवशाली इतिहास को उल्लेखित किया। प्रोफेसर आरसी मौर्य सर को आजीवन उपलब्धि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एसीटी सर्वश्रेष्ठ उमंग महिला पुरस्कार एम. राधा मैडम को दिया गया। अगला पुरस्कार, एसीटी युवा सर्वश्रेष्ठ रसायन विज्ञान शिक्षक पुरस्कार (45 वर्ष से कम आयु) डॉ. मानुष प्रति हजारिका को दिया गया। जिन्हें रसायन विज्ञान के प्रचार–प्रसार के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. उमासाई प्रकाश पुरस्कार रसायन विज्ञान के प्रचार–प्रसार के लिए डॉ. संगीता शर्मा को दिया गया। विशेषज्ञ पैनलिस्ट के रूप में प्रो ब्रजेश मिश्रा, रजनीश मिश्रा, आई आई टी इंदौर, डॉ. सुबर्ना सिवापालन, मलेशिया, कुलगुरु प्रोफेसर अर्पण भारद्वाज, सम्राट विक्रमादित्य विवि उज्जैन थे। प्रोफेसर यादव ने कहा कि किसी भी नुकसान करने वाली वस्तु पर बैन लगाने से ज़्यादा अच्छा होगा कि हम बेहतर विकल्प समाज के समक्ष प्रस्तुत करें।



## बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती धूमधाम से मनाई

**माकड़ोन।** सरस्वती शिशु मंदिर, माकड़ोन में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। शुभारंभ संस्था प्राचार्य अरुण कुमार शर्मा ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

नगर परिषद सीएमओ कैलाश कर्मा के निर्देशन में इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के चित्रों पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की 20 बहिनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समिति सचिव जयप्रकाश सरिया ने अपना उद्बोधन दिया। प्राचार्य अरुण कुमार शर्मा ने कहा कि बिरसा मुंडा जन्मजात देशभक्त थे। उन्होंने अंग्रेजी अत्याचार के विरुद्ध जनजातीय समाज को संगठित कर स्वदेशी, स्वावलंबन और स्वतंत्रता का संदेश दिया। आज का दिन हम जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाकर उन्हें नमन करते हैं। कार्यक्रम में इशू भैरवे, विकास मालवीय, विद्यालय के आचार्यगण, दीदी एवं बड़ी संख्या में भैया–बहिन उपस्थित रहे। जानकारी देवनारायण प्रजापति ने दी।

**एक नजर** शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को दी अध्यादेश 14 (1) स्नातक एवं 14 (2) स्नातकोत्तर की जानकारी

## यूजी, पीजी पाठ्यक्रम अध्यादेश पर केंद्रित दस दिवसीय प्रशिक्षण

**उज्जैन।** शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी–2020) के अंतर्गत यूजी पाठ्यक्रम अध्यादेश 14(1) एवं पीजी पाठ्यक्रम अध्यादेश 14 (2) पर केंद्रित दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।




इस प्रशिक्षण के अन्तर्गत शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति 2020 के नवीन संशोधित रूप में अध्यादेश 14 (1) स्नातक एवं 14 (2) स्नातकोत्तर की विस्तृत जानकारी दी गयी। महाविद्यालय के आयक्यूएसी द्वारा संचालित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत सभी शिक्षकों को वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025–26 से प्रभावशील इन अध्यादेशों के तहत विषय विशेषज्ञ के रूप में आयक्यूएसी प्रभारी डॉ. नीता तपन ने पाठ्यक्रम संरचना, प्रवेश हेतु पात्रता, ग्रेडिंग प्रणाली, मूल्यांकन पद्धति, स्वयं पोर्टल, क्रेडिट हस्तांतरण, डिजिटल माध्यमों और नवाचार आधारित शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया के विषय में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। बीए, बीएससी, बीकॉम, बीएचएससी के प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर के प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में अध्यादेशों 14(1) एवं 14(2) के शिक्षा नीति के बहुआयामी पक्षों–पाठ्यक्रम संरचना, ग्रेडिंग, मूल्यांकन प्रणाली के साथ बहुविषयक शिक्षा, मूल्य आधारित शिक्षण, कौशल विकास, अनुसंधान उन्मुखता एवं ऑनलाइन शिक्षण के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। महाविद्यालय में स्वयं के लोकल चैप्टर की नोडल ऑफिसर डॉ. दिव्या गेहरोत्रा स्वयं पोर्टल, अकादमिक बैंक क्रैडिट (एबीसी), डिजिलॉकर, मूक्स जैसे ऑनलाइन संसाधनों की गहन जानकारी देते हुए इन प्लेटफार्म पर पंजीकरण करवाए। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सुनील कुमार चौधरी ने कार्यक्रम का संचालन एवं पीजी पाठ्यक्रम अध्यादेश 14 (2) के प्रमुख प्रावधानों पर प्रकाश डाला। समापन कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. प्रशांत पुराणिक ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम नई शिक्षा नीति को व्यवहार में लाने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।